Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to extend the metro rail project from Banaltab Jammu to Vijaypur , AIIMS.

श्री जुगल किशोर शर्मा (जम्मू) : अध्यक्ष जी, धन्यवाद । आपका आभार प्रकट करते हुए मैं इतना कहना चाहता हूं कि जब से धारा 370 और 35ए **जम्मू कश्मीर से हटाई गई है, उसके बाद जम्मू कश्मीर में चहुँमुखी विकास हो रहा है । जम्मू कश्मीर में विकास तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसमें दो बड़े प्रोजेक्ट्स, जम्मू मेट्रो रेल प्रोजेक्ट और कश्मीर रेल मेट्रो प्रोजेक्ट जल्द कम्प्लीट होने वाले हैं ।**

मेरा आपके माध्यम से शहरी विकास मंत्रालय से इतना कहना है कि जो जम्मू मेट्रो रेल है, वह बनलताब जम्मू से बड़ी ब्राह्मणा तक जा रही है, लेकिन बड़ी ब्राह्मणा से चार किलोमीटर आगे विजयपुर एम्स है, जिसका बहुत बड़ा लाभ जम्मू कश्मीर की जनता को मिलने वाला है । अगर मेट्रो रेल का प्रोजेक्ट विजयपुर एम्स तक ले जाते हैं तो सब सुविधाओं सहित, जनता, मरीज, और स्टाफ मेट्रो का लाभ लेते हुए एम्स विजयपुर तक जा सकेंगे ।

मेरा आपके माध्यम से मंत्रालय से इतना ही कहना है कि यह जो मेट्रो रेल का प्रोजेक्ट है, इसे विजयपुर तक एक्स्टैण्ड किया जाए, ताकि मेट्रो रेल विजयपुर तक पहुंचे और पूरे जम्मू कश्मीर के लोगों को इसका लाभ मिल सके । धन्यवाद ।